सार-समाचार

बायोलॉजिकल पार्क में 14 पिंजरे तैयार, 5 नए बनेंगे

बीकानेर,(निसं)। सालों से वीरान पड़ा मरुधरा बायोलॉजिकल पार्क धीरे-धीरे आबाद हो रहा है। पार्क में नए पिंजरों का निर्माण करने और जन सुविधाएं विकसित करने के लिए राज्य सरकार से पांच करोड़ रुपए मांगे गए हैं। इस रकम से पांच नए पिंजरों का निर्माण होगा और जन सुविधाएं विकसित की जाएंगी। बायोलॉजिकल पार्क का प्रोजेक्ट वर्ष 2015-16 में मंजूर हुआ था। विधानसभा की घोषणा के अनुसार इस पर पांच साल में 36 करोड़ रुपए खर्च किए जाने थे, लेकिन सरकार और वन विभाग की अनदेखी के चलते समय पर पैसा नहीं मिला। अब प्रोजेक्ट की लागत बढ़कर 58 करोड़ हो गई है। पार्क निर्माण के लिए दस साल में केवल 24 करोड़ रुपए ही मिले हैं। इस रकम से प्रवेश द्वार, सड़क, चार दीवारी, 14 पिंजरे, वेटरनरी हॉस्पिटल, सुविधाएं आदि निर्माण कार्य ही हुए हैं। यदि इसे जल्दी ही शुरू नहीं किया गया तो यह निर्माण कार्य भी मेंटिनेंस के अभाव में जर्जर होने लगेगा।

भाजपा शिवबाड़ी मंडल कार्यकारिणी का पुनर्गठन

बीकानेर(निसं)। भारतीय जनता पार्टी बीकानेर शहर के शिवबाड़ी मंडल की कार्यकारिणी का पुनर्गठन संगठनात्मक सुदृढ़ता एवं विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में किया गया है। यह घोषणा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह आबड़सर द्वारा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार एवं जिला अध्यक्ष सुमन छाजेड़ की अनुशंसा पर की गई। जिला अध्यक्ष सुमन छाजेड़ ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन के प्रति पूर्ण समर्पण, निष्ठा एवं सक्रियता के साथ कार्य करने का आव्हान किया।मीडिया संयोजक कमल गहलोत ने जानकारी देते हुए बताया कि जारी सूची में मंडल स्तर पर विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गई हैं, जिसमें मंडल उपाध्यक्ष, महामंत्री, मंत्री, कोषाध्यक्ष, प्रवक्ता, आईटी संयोजक एवं सोशल मीडिया संयोजक जैसे महत्वपूर्ण दायित्व शामिल हैं। साथ ही संगठन को और अधिक गतिशील एवं व्यापक बनाने के उद्देश्य से कार्यकारिणी में 40 अन्य सदस्यों को भी मंडल टीम में शामिल किया गया है, जो मंडल की संगठनात्मक गतिविधियों एवं कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह आबड़सर ने कहा कि नवगठित कार्यकारिणी संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेगी और पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को बूथ स्तर तक प्रभावी रूप से पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी आपसी समन्वय, अनुशासन एवं समर्पण भाव से कार्य करते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का कार्य करेंगे।

खाद्य सुरक्षा योजनांतर्गत जिले को मई और जून माह का गेहूं आवंटित

बीकानेर,(निसं)। खाद्य सुरक्षा योजनांतर्गत जिले को मई और जून का गेहूं आवंटित कर दिया गया है। जिला रसद अधिकारी नरेश शर्मा ने बताया कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा जिले को खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत अन्त्योदय, बीपीएल, स्टेट बीपीएल तथा पीएचएच (अन्य) श्रेणी के राशन कार्ड धारक लाभार्थियों को निःशुल्क पात्रता अनुसार माह मई, 2026 हेतु 60016.00 क्विंटल और माह जून हेतु 62425.50 क्विंटल गेहूं का आवंटन किया गया है। गेहूं का वितरण अन्त्योदय, बीपीएल, स्टेट बीपीएल एवं पीएचएच (अन्य) श्रेणी के राशन कार्ड धारकों को निशुल्क किया जावेगा। डीएसओ ने सभी संबंधित खाद्यान्न परिवहनकर्ता को आदेशित किया है कि प्रत्येक दिन पर्याप्त संख्या में ट्रकों की उपलब्धता करवाते हुए उक्त योजना से भारतीय खाद्य निगम के कार्य दिवसों में निर्धारित वैधता अवधि के दौरान शत-प्रतिशत गेहूं का उठाव सुनिश्चित किया जावें।

गोलूवाला में 45 दिन में मिल रहा गैस सिलेंडर

हनुमानगढ़,(निसं)। जिले के गोलूवाला क्षेत्र में गैस सिलेंडर आपूर्ति में देरी को लेकर पीलीबंगा के पूर्व विधायक धर्मेंद्र कुमार मोची ने खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा से मुलाकात की। उन्होंने गैस बुकिंग के बाद वितरण की अवधि 45 दिन से घटाकर 25 दिन करने की मांग की।मोची ने मंत्री को बताया कि गोलूवाला अब नगरपालिका क्षेत्र घोषित हो चुका है और पूरी तरह शहरी श्रेणी में आता है। इसके बावजूद, यहां संचालित गैस एजेंसी उपभोक्ताओं को सिलेंडर बुकिंग के बाद लगभग 45 दिनों तक इंतजार करवा रही है। यह शहरी क्षेत्र के मानकों के अनुरूप नहीं है। उन्होंने अवगत कराया कि शहरी क्षेत्रों में गैस वितरण की निर्धारित अवधि 25 दिन है, जबकि गोलूवाला में अभी भी ग्रामीण क्षेत्र जैसी व्यवस्था लागू है। इस देरी से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और उन्हें वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा है। पूर्व विधायक ने यह भी स्पष्ट किया कि गोलूवाला नगरपालिका क्षेत्र में गोलूवाला निवादन, गोलूवाला सिहागान सहित आसपास के राजस्व गांव भी शामिल हैं। इससे यह क्षेत्र पूरी तरह शहरी स्वरूप ले चुका है। ऐसे में यहां गैस आपूर्ति भी शहरी मानकों के अनुसार ही होनी चाहिए। मोची ने मंत्री से मांग की कि गोलूवाला में गैस सिलेंडर वितरण की अवधि को तत्काल 45 दिन से घटाकर 25 दिन किया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को समय पर सुविधा मिल सके। उन्होंने बताया कि वितरण में देरी के कारण लोगों में असंतोष बढ़ रहा है और कई बार विवाद की स्थिति भी बन रही है। उन्होंने सरकार से इस मामले में शीघ्र सकारात्मक निणन्य लेकर गोलूवाला क्षेत्र के उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने का आग्रह किया।

आजादी के प्रथम नायक मंगल पांडे देश का गौरव : गणेशदास सेवग

आजादी के प्रथम नायक मंगलपांडे को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

■ आजादी के प्रथम नायक मंगलपांडे की 169 वि पुण्यतिथि पर हुआ कार्यक्रम

बीकानेर (निसं)। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रथम नायक अमर शहीद मंगल पांडे की 169 वी पुण्यतिथि पर शाकद्वीपीय मग ब्राह्मण समाज और मंगल पांडे स्मारक समिति की तरफ से मंगल पांडे सर्किल पर पुष्पांजलि और स्मरण सभा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान प्रांतीय शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेशाध्यक्ष गणेशदास सेवग ने तेल चित्र पर पुष्पांजलि करते हुए कहा कि भारत देश की वीर गाथाओं में आजादी के प्रथम नायक मंगल पांडे एक अविस्मरणीय व्यक्तित्व और गौरव के रूप मे सदेव पूजे जाएंगे

विशिष्ठ अतिथि कल्याण फाऊंडेशन ऑफ इंडिया की निदेशक कामिनी विमल भोजक मैया ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारत की मिट्टी देश के फौलादी वीर पैदा करती है जो वतन के धर्म के लिए और संप्रभुता किं रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने से पीछे नहीं हटते अमीर शहीद मंगल पांडे इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है कार्यक्रम की अध्यक्षता शाकद्वीपीय मग ब्राह्मण बंधु ट्रस्ट के अध्यक्ष आर के शर्मा ने करते हुए कहा कि जिस वक्त भारत में बोलने से लोग हिचकिचाते थे अंग्रेजी दासता का भयंकर खौफ था तब मंगल पांडे ने विद्रोह का बिगुल फूंक कर भारतीयों में जोश का संचार किया और भारत आजादी की राह पर आगे बढ़ा राजस्थान प्रांतीय महासचिव राजेश शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए अमर शहीद मंगल पांडे की जीवन पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि वीर सपूतों की गाथाओं पर छोटे छोटे लघु नाटक बच्चों के लिए तैयार किए जाते जिस से वे इनके वीर कार्यों से अवगत हो सके

मंगल पांडे स्मारक समिति के शिवरतन सेवग ने कहा कि हम गर्वित है कि हम मंगल पांडे के समाज में पैदा हुए जो अदभुत वीरता का परिचायक हैआभार महासभा के सचिव मनोज कुमार शर्मा मनसा महाराज ने ज्ञापित किया बीकानेर भाई बंधु ट्रस्ट के मंत्री नितिन वत्सस, बीकानेर शहर संभाग अध्यक्ष एडवोकेट दिलीप कुमार सेवग, कोच मनोज कुमार सेवग, गणेश कुमार शर्मा, युवा अध्यक्ष नीलेश शर्मा ने अपने विचार रखते हुए अमर शहीद मंगल पांडे की स्मृति में अन्य आयोजन करने की बात भी कही शाकद्वीपीय ब्राह्मण बंधु ट्रस्ट ने इस अवसर पर बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास से मंगल पांडे प्रतिमा स्थल के सौंदर्य कारण की मांग कीकार्यक्रम में खुश भोजक, नताशा वत्सस, सुधीर शर्मा, जैनेंद्र शर्मा सहित समाज के गणमान्य जन उपस्थित थे।

पूगल में एमएसपी पर खरीद प्रक्रिया शुरू

पूंगल,(निसं)। यहा क्रय-विक्रय सहकारी समिति केंद्र पर बुधवार को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद प्रक्रिया का शुभारंभ किया गया। इस दौरान किसान गामूखां के टोकन नंबर से चना फसल की खरीद कर कार्य की शुरुआत की गई। समिति के कार्यकारी अधिकारी राजवीर सिंह शेखावत ने बताया कि पूगल खरीद केंद्र पर चना और सरसों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की जाएगी। सरकार ने सरसों के लिए 6200 रुपए प्रति क्विंटल और चना के लिए 5875 रुपए प्रति क्विंटल का न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया है। पंजीकृत किसान से अधिकतम 40 क्विंटल उपज की खरीद की जाएगी। समिति के व्यवस्थापक रामकिशन बिश्नोई ने जानकारी दी कि पूगल खरीद केंद्र पर कुल 450 किसानों ने फसल तुलाई के लिए पंजीकरण करवाया है। इनमें 250 किसानों ने सरसों और 200 किसानों ने चना फसल की खरीद के लिए पंजीकरण कराया है। बिश्नोई ने सभी किसानों से साफ-सुथरी फसल लाने की अपील की है, ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

बाल विवाह निषेध व माहवारी स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बाल विवाह निषेध व माहवारी स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम में बालिकाओं को जानकारी देती डा. डॉ. अनुराधा सक्सेना।

■ कार्यक्रम में केंद्र प्रबंधक कविता हुरकट ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए आरएससीआईटी एवं लाडो प्रोत्साहन योजना के बारे में विस्तार से बताया

बीकानेर,(निसं)। महिला अधिकारिता विभाग में पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र योजना अंतर्गत 6 से 11 अप्रैल तक जागृति सप्ताह मनाया जा रहा है। महिला अधिकारिता विभाग उपनिदेशक डॉ. अनुराधा सक्सेना ने बताया कि इसी क्रम में बुधवार को डूंगरगढ़ एवं सेरूणा ब्लॉक स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय छात्रावास तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सेरूणा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्र प्रबंधक कविता हुरकट ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए आरएससीआईटी एवं लाडो प्रोत्साहन योजना के बारे में विस्तार से बताया। वन स्टॉप सेंटर-1 से संतोष बारिया ने सखी सेंटर की सेवाओं की जानकारी देते हुए बताया कि 181 हेल्पलाइन के माध्यम से घरेलू हिंसा से पीडित महिलाओं एवं बालिकाओं को त्वरित सहायता उपलब्ध करवाई जाती है। उन्होंने बताया कि पीडित महिलाएं सखी केंद्र पर आकर अपनी समस्या साझा कर सकती हैं। कार्यक्रम में महिला सलाह एवं सुरक्षा केंद्र की प्रतिनिधि सुमन ने बाल विवाह निषेध के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि कम उम्र में विवाह से बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है तथा यह एक दंडनीय अपराध है। सुपरवाइजर किरण जोशी ने माहवारी स्वच्छता पर चर्चा करते हुए छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने साफ-सफाई एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र के सदस्यों द्वारा सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बाल विवाह जैसी कुप्रथा को रोकने एवं स्वच्छता को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आव्हान किया।

रविशंकर के 70वें जन्मोत्सव पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

बीकानेर, (निसं)। दी आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक रविशंकर के 70 वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में बीकानेर में विभिन्न प्रकार के आयामों का आयोजन किया जाएगा। संस्था के बीकानेर जोनल मीडिया कोऑर्डिनेटर गिरिराज खैरीवाल ने बताया कि गुरूदेव के जन्मदिवस का सेलीब्रेशन 5 मई से मेगा हैप्पीनेस कोर्स के साथ शुरू हो जाएगा। यह कोर्स दो शिफ्ट में आयोजित होगा। 10 मई को रोटरी भवन, में रक्तदान शिविर एवं सुमेरू भजन संध्या का आयोजित किए जाएंगे। रक्तदान शिविर का आयोजन रोटरी क्लब के साथ संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जाएगा।

सुमेरू भजन संध्या में अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सुमेरू भजन गायक जितेन्द्र सारस्वत द्वारा सुमधुर भजनों की नॉन स्टॉप प्रस्तुतियां दी जाएंगी। 12 मई से 17 मई तक हैप्पीनेस कोर्स भी होगा। 13 मई को गुरूदेव के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में अपनाघर आश्रम में दोनों समय का भोजन संस्था द्वारा प्रायोजित किया जाएगा। खैरीवाल ने बताया कि इस संबंध में आज संपन्न हुई मिटिंग में गहन विचार विमर्श हुआ और आयोजन को सफलतम बनाने के विभिन्न टीम बनाई गई।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ 11 को कार्यक्रमों में लेंगे भाग

■ बैठकों के माध्यम से प्रदेशाध्यक्ष कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद कर संगठन को और अधिक मजबूत बनान

बीकानेर(निसं)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ 11 अप्रैल को बीकानेर के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने, कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित करने तथा सामाजिक कार्यक्रमों में सहभागिता के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ प्रात: 7:55 बजे ट्रेन मार्ग से बीकानेर पहुंचेंगे तथा सर्किट हाउस में विश्राम करेंगे।

इसके पश्चात वे सुबह 11 बजे भाजपा बीकानेर शहर की संगठनात्मक बैठक को संबोधित करेंगे,इसके बाद दोपहर 2 बजे भाजपा बीकानेर देहात की बैठक आयोजित होगी, जिसमें देहात क्षेत्र के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भाग लेंगे जिसमें पार्टी की वर्तमान गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों एवं संगठन सुदृढ़ीकरण को लेकर चर्चा की जाएगी। श्याम पंचारिया ने बताया कि इन बैठकों के माध्यम से प्रदेशाध्यक्ष कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद कर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने एवं आगामी रणनीति पर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

जिला मीडिया संयोजक मनीष सोनी ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ शाम 4 बजे पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे, जिसमें वे प्रदेश एवं केंद्र सरकार की नीतियों, संगठन की गतिविधियों तथा समसामयिक विषयों पर अपने विचार रखेंगे।इसके पश्चात सांय 5 बजे महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती के अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में भाग लेकर उनके आदर्शों एवं समाज सुधार में उनके योगदान को स्मरण करेंगे। प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ रात्रि 11:10 बजे ट्रेन मार्ग से जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया एवं पार्टी पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं से कार्यक्रमों में उपस्थित रहने का आव्हान किया है, ताकि संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जा सके।

बस्ती में घुसा बारिश और सीवरेज का पानी

बीकानेर,(निसं)। यहा हल्की बारिश ने बीकानेर शहर के गंगाशहर के किसमीदेसर स्थित मेघवालों के मोहल्ले में रहने वाले सैकड़ों लोगों के जीवन को नरक बना दिया है। इस बस्ती में बारिश का पानी भरने के साथ ही सीवरेज सिस्टम पूरी तरह जाम हो गया, जिसके कारण नालियों का गंदा पानी उफनकर सीधे घरों में घुस गया। मेघवालों की करीब 200 घरों की घनी बस्ती में हालात इतने बदतर हो गए कि लगभग 100 घरों में पूरे दिन खाना नहीं बन पाया। पूर्व पार्षद नंदू गहलोत, मोहन मेघवाल, घनश्याम मेघवाल, सुभाष मेघवाल आगे आए और प्रभावित परिवारों तक भोजन पहुंचाया। हालांकि, समस्या का कारण सरकारी लापरवाही है। सीवरेज सिस्टम को सुधारने के लिए आरयूआईडीपी की टीम मौके पर आई थी, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान आज तक नहीं हो सका है।

'ऑपरेशन नीलकंठ' नशा तस्करों की गिरफ्तारी के साथ अवैध संपत्तियां भी होगी जब्त

बीकानेर(निसं)। जिले में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर सख्ती से अंकुश लगाने और युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए बीकानेर पुलिस एक व्यापक अभियान 'ऑपरेशन नीलकंठ' शुरू करने जा रही है। इस अभियान की कमान जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के हाथों में होगी। यह अभियान केवल नशा तस्करों की गिरफ्तारी तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उनके पूरे नेटवर्क-उत्पादन, सप्लाई, वितरण और आर्थिक जड़ों-को खत्म करने की दिशा में निर्णायक कदम माना जा रहा है। बीकानेर पुलिस ने इस अभियान को दो मजबूत स्तंभों- जागरूकता और प्रवर्तन पर आधारित किया है, जिससे समाज और अपराध दोनों पर एक साथ प्रभाव डाला जा सके।

अभियान के तहत जिले के सभी थानों को निर्देश दिए गए हैं कि वे स्थानीय एनजीओ, सामाजिक संगठनों, स्कूल-कॉलेजों और चिकित्सा विभाग के साथ मिलकर नशा विरोधी कार्यक्रम आयोजित करें।गांवों, शहरी बस्तियों, विद्यालयों और कोचिंग संस्थानों में युवाओं को नशे के दुष्परिणाम और एनडीपीएस एक्ट के कानूनी पहलुओं की जानकारी दी जाएगी।हर थाना स्तर पर हर महीने कम से कम 2 से 3 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना अनिवार्य होगा, साथ ही इनका डिजिटल और लिखित रिकॉर्ड भी रखा जाएगा।

पुलिस पुराने और सक्रिय नशा तस्करों की सूची तैयार कर उनकी गतिविधियों की लगातार निगरानी करेगी। दोबारा अपराध में लिप्त पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नशे के कारोबार से अर्जित मकान, दुकान, जमीन, वाहन और बैंक खातों की पहचान कर उन्हें जब्त या फ्रीज किया जाएगा। हर मामले में वित्तीय जांच अनिवार्य की गई है।

नशा तस्करों द्वारा किए गए अवैध निर्माण और अतिक्रमण को चिन्हित कर संबंधित विभागों के साथ मिलकर कार्रवाई की जाएगी, जिसमें सभी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन सुनिश्चित होगा।अभियान की मॉनिटरिंग थाना, वृत्त, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और एसपी कार्यालय स्तर पर की जाएगी।

साप्ताहिक और मासिक समीक्षा बैठकों के जरिए प्रगति का आकलन होगा। उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित किया जाएगा, जबकि लापरवाही पर सख्त कार्रवाई होगी। हर थाना में एक विशेष रजिस्टर तैयार किया जाएगा, जिसमें चिन्हित अपराधियों, की गई कार्रवाई, जब्त संपत्तियों और जागरूकता कार्यक्रमों का पूरा विवरण दर्ज होगा। साथ ही सभी गतिविधियों का डिजिटल रिकॉर्ड भी रखा जाएगा। जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने साफ कहा है कि यह अभियान नशे के खिलाफ एक निर्णायक लड़ाई है, जिसे पूरी सख्ती और प्रतिबद्धता के साथ लागू किया जाएगा।

चाइनीज मांझे की थोक व खुदरा बिक्री, भंडारण, परिवहन तथा उपयोग प्रतिबंधित

■ जिला मजिस्ट्रेट ने जारी किए आदेश, उल्लघंन पर होगी कार्यवाही

बीकानेर, (निसं)। जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट निशान्त जैन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए लोक स्वास्थ्य एवं विद्युत संचालन बाधा रहित बनाए रखने के साथ पक्षियों के लिए बड़े पैमाने पर खतरा बन चुके 'धातु निर्मित मांझा' (धागे जो नायलोन/प्लास्टिक, चाईनीज मांझा जो सिंथेटिक/टोक्सीक मटेरियल जैसे आयरन पाउडर, ग्लास पाउडर के बने हों) की थोक व खुदरा बिक्री, भण्डारण, परिवहन तथा उपयोग को बीकानेर जिले की क्षेत्राधिकारिता में निषेध/प्रतिबंधित करने का आदेश जारी किया है। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार अक्षय तृतीया के पर्व पर जिले में पतंगबाजी के दौरान धातुओं के मिश्रण से निर्मित मांझा (सामान्य प्रचलित भाषा में चाईनीज मांझा) प्रयुक्त किया जाने लगा है। यह मांझा विभिन्न धातुओं के मिश्रण से तैयार किया जाता है। यह मांझा धारदार तथा विद्युत सुचालक होता है। जिसके उपयोग से दुपहिया वाहन चालकों तथा पक्षियों को नुकसान होने की संभावना रहती है। विद्युत का सुचालक होने के कारण विद्युत तारों के सम्पर्क में आने पर विद्युत प्रवाह होने से पतंग उड़ाने वाले को नुकसान पहुंचने तथा विद्युत सप्लाई में बाधा उत्पन्न होने की संभावना रहती है।

पतंग विक्रेताओं ने चाइनीज मांझे के बहिष्कार करने की ली शपथ



पतंगबाजों एवं पतंग विक्रेताओं ने चाइनीज मांझे के बहिष्कार करने की ली शपथ।

■ मित्र एकता सेवा समिति टीम नेशन फर्स्ट फाउंडेशन का चाइनीज मांझा के विरुद्ध जागरूकता अभियान

बीकानेर(निसं)। अक्षय तृतीया एवं बीकानेर स्थापना दिवस पर शहर में होने वाली पतंग बाजी पर बीकानेर शहर के हृदय स्थल कोटगेट के अंदर बुधवार की शाम को चाइनीज मांझे का बहिष्कार करने को लेकर सर्व समाज मित्र एकता सेवा समिति द्वारा संरक्षक सुनील दत्त नागल, बीकानेर कोटगेट व्यापार मंडल अध्यक्ष विजय कोचर के नेतृत्व में काईट एसोसिएशन के पदाधिकारियों , पतंग विक्रेताओं एवं पतंगबाजों को चाइनीज मांझे का बहिष्कार करने की शपथ दिलाई। समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एनडी कादरी ने बताया कि काईट एसोसिएशन अध्यक्ष मोहम्मद असलम कयामखानी ने शपथ लेते हुए कहा कि हमारी संस्था को जो व्यक्ति चाइनीज मांझे बेचने एवं उपयोग करने की जानकारी देता है उसको नक़द 51 सौं रूपए देकर सम्मानित किया जाएगा।उस का नाम गुप्त रखा जायेगा।

इस अवसर पर मित्र एकता सेवा समिति वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील बांठिया, दिलीप गुप्ता, पंडित गायत्री प्रसाद शर्मा, रामकिशन महाराज कोलासर वाले, सैय्यद अख्तर, मेहबूब अली रंगरेज, जयनारायण मारू, शाकिर हुसैन, संत संतोषानंद, टीम नेशन फर्स्ट फाउंडेशन के संस्थापक सदस्य पंकज कंसल, भवानी आचार्य एवं शिवलाल तेजी आदि के मौजूदगी में यह शपथ ग्रहण कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर काईट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष नरेंद्र खत्री, शब्बीर अली, मोहम्मद अली, लियाकत अली कुरेशी, मोहम्मद फिरोज अन्य पतंग विक्रेता मौजूद रहे। गौरतलब है कि पशु पक्षियों के संरक्षण और जनता की सुरक्षा के लिए राज्य सरकार ने चाइनीज मांझे पर रोक लगाई है। इस अवसर पर पंडित गायत्री प्रसाद शर्मा ने कहा कि यह चाइनीज मांझा न केवल पक्षियों के लिए अपितु मानव प्रजाति के लिए भी हानिकारक है।

अग्रवाल समाज ने किया पचीसिया का सामूहिक अभिनंदन

अग्रवाल समाज ने किया जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारका प्रसाद पचीसिया का सामूहिक अभिनंदन।

■ किसी भी कारोबारी की समस्या है उसको बीकानेर जिला उद्योगसंघ हरसंभव कोशिश कर निस्तारण करवाने का प्रयास करेगा

बीकानेर(निसं)। अग्रवाल समाज के उद्योगपतियों व व्यापारियों द्वारा बीकानेर जिला उद्योगसंघ अध्यक्ष द्वारकाप्रसाद पचीसिया का भव्य स्वागत किया गया। समाज केप्रबुद्धजनों द्वारा पचीसिया को सभी मिठाई, भुजिया व पापड़ निर्माताओं को एकजुट कर उद्योग एवं व्यापार में आ रही समस्याओं से मुकाबला करने मेंसक्षम बनाने हेतु आग्रह किया। अध्यक्ष द्वारकाप्रसाद पचीसिया ने बताया किबीकानेर जिला उद्योग संघ सदेव औद्योगिक व व्यापारिक हितों की रक्षा हेतुप्रतिबद्ध है।

किसी भी कारोबारी की समस्या है उसको बीकानेर जिला उद्योगसंघ हरसंभव कोशिश कर निस्तारण करवाने का प्रयास करेगा। साथ ही बीकानेर जिला उद्योग संघ शहरी क्षेत्रों में स्थापित लघु व सूक्ष्म उद्योगों काल्कस्टर बनाकर एक ही छत के नीचे इकाइयां स्थापित करवाने को प्रयासरत हैं हमारे द्वारा शासन व प्रशासन से तिलम संघ जो कि बीछवाल औद्योगिक क्षेत्रस्थित 1 लाख 32 हजार मीटर का भूखंड है जो कि वर्ष 2002 से बंद पड़ा है। इसमें तकरीबन 75 से 90 लघु उद्योग की इकाइयां आसानी से स्थापित होसकती है । इससे शहरी क्षेत्रों में स्थापित लघु उद्योगों को भी इकाई स्थापना केलिए उचित स्थान मिल सकेगा अग्रवाल समाज के गोपाल अग्रवाल ने बतायाकि बीकानेर जिला उद्योग संघ सदेव औद्योगिक व व्यापारिक हितों के लिए।

आवाज उठाता आया है और हमें बीकानेर जिला उद्योग संघ के साथ मिलकरअपने व्यापारिक व औद्योगिक संगठन को मजबूती दिलवाने का प्रयास करना है। इस अवसर पर माणकचंद अग्रवाल, बृजमोहन अग्रवाल, सुशील बंसल, राजेन्द्र अग्रवाल, प्रहलाद अग्रवाल, रामनिवास अग्रवाल, बलराज अग्रवाल, कन्हैयालाल अग्रवाल, द्वारकाप्रसाद अग्रवाल, पवन चौधरी, सुशील अग्रवाल, पंकज सिंघानिया, शिवशंकर अग्रवाल, दाऊलाल अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल,पुखराज अग्रवाल, बनवारीलाल अग्रवाल, रूपचंद अग्रवाल, कृष्ण कुमारअग्रवाल, अनन्तवीर जैन, वीरेंद्र किराडू, श्यामसुन्दर सोनी, विमल चोरड़िया, राजाराम सारडा, निर्मल पारख, पवन पचीसिया आदि उपस्थित थे।

ओलावृष्टि से तबाह हुई फसलें

बीकानेर, (निसं)। राजस्थान के बीकानेर जिले में बेमौसम ओलावृष्टि, तेज आंधी-तूफान और बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। जिले की विभिन्न तहसीलों में खड़ी रबी की फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक :- नियमन/2026/5269 दिनांक :- 08.04.2026

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 70 के किला नं. 17 में भूखण्ड संख्या का माप 40'-0'' गुणा 65'-0'' फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्री दीपक चंदवानी पुत्र श्री नारायण दास चंदवानी निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अंदर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री दीपक चंदवानी पुत्र श्री नारायण दास चंदवानी निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 70 के किला नं. 17 में भूखण्ड संख्या का माप 40'-0'' गुणा 65'-0'' फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2026-27/SPL-I **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 08.04.2026

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में आवासीय भूखण्ड वाके चक 7 ई छोटी मुरब्बा नं. 09 के किला नं. 05,06 में भूखण्ड सं. 139 माप 30'0'' गुणा 62'6'' फीट के नियमन / पट्टा हेतु आवेदक श्री रीटा चौधरी पत्नी श्री अनिल चौधरी निवासी 2/42 शंकर कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को काई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री रीटा चौधरी पत्नी श्री अनिल चौधरी निवासी 2/42 शंकर कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 7 ई छोटी मुरब्बा नं. 09 के किला नं. 05,06 में आवासीय भूखण्ड सं. 139 माप 30'0'' गुणा 62'6'' का / नियमन पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन / पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक : नियमन/2026/5267 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 02-04-26

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री धीरेन्द्र कुमार दुगड़ पुत्र श्री थान मल दुगड़, निवासी 18 शिवाजी नगर प्रथम, चक 3 ई छोटी तहसील व जिला श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूमि का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 43 के किला नं. 22 में माप 25 इन्दू 50 फीट में से 12.6 इन्दू 50 फीट, श्रीगंगानगर	उक्त भूखण्ड का आवासीय का पट्टा संख्या 1183 दिनांक 19.07.2013 को श्री जन्टा सिंह पुत्र श्री भगवान सिंह के नाम से जारी है।	श्री धीरेन्द्र कुमार दुगड़ पुत्र श्री थान मल दुगड़ द्वारा पंजीकृत बैयनामा दिनांक 11.07.2025 की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत न्यास में ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में श्री धीरेन्द्र कुमार दुगड़ पुत्र श्री थान मल दुगड़, निवासी 18 शिवाजी नगर प्रथम, चक 3 ई छोटी तहसील व जिला श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री होल्ड पट्टे के सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमजन/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।

आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/1500 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर